## भाग – क

### (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. ₹ 1,50,000 की शुद्ध परिसंपत्तियों के क्रय प्रतिफल के लिए यदि विक्रेता को ₹ 1,25,000 के पूर्ण प्रदत्त अंशों/शेयरों का निर्गमन किया जाता है तब ₹ 25,000 के शेष को जमा किया जाएगा :

   (A) लाभ–हानि विवरण में
   (B) ख्याति खाते में
   (C) पूँजी संचय खाते में
   (D) लाभ–हानि समायोजन खाते में 1

2. (a) रिया, रीता तथा रेणू एक फ़र्म की साझेदार थीं । 31 मार्च, 2023 को रेणू सेवानिवृत्त हो गई । रेणू को देय राशि ₹ 2,17,000 का हस्तांतरण उसके ऋण खाते में कर दिया गया । रेणू ने इस राशि पर साझेदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधानों के अनुसार ब्याज लेने पर सहमति दी । वह दर जिस पर रेणू को ब्याज देय होगा, वह है :

   (A) 9% वार्षिक
   (B) 6% वार्षिक
   (C) 12% वार्षिक
   (D) 10% वार्षिक 1

अथवा

   (b) रवि, वानी तथा टोनी एक फ़र्म में बराबर–बराबर के साझेदार थे । वानी की सेवानिवृत्ति के पश्चात् रवि तथा टोनी के पूँजी शेष क्रमशः ₹ 1,56,000 तथा ₹ 1,08,000 थे । फ़र्म की नई पूँजी ₹ 2,80,000 निर्धारित की गई । यह निर्णय लिया गया कि पूँजी शेष साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में होगी । अपनी नई पूँजी में कमी के लिए टोनी ______ लाएगा । 1

   (A) ₹ 40,000
   (B) ₹ 12,000
   (C) ₹ 20,000
   (D) ₹ 32,000

3. **अभिकथन (A) :** वाहक ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान उस व्यक्ति को किया जाता है जो इस प्रकार के ऋणपत्रों में संलग्न ब्याज कूपन को प्रस्तुत करते हैं ।

   **कारण (R) :** वाहक ऋणपत्रों को सुपुर्दगी के द्वारा हस्तान्तरित किया जा सकता है और कम्पनी ऐसे ऋणपत्र धारकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखती है ।

   निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

   (A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।
   (B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
   (C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।
   (D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है । 1

4. विष्णु तथा मीशू एक फ़र्म के साझेदार हैं । मीशू प्रत्येक तिमाही के अंत में एक निश्चित राशि का आहरण करता है । आहरण पर ब्याज 15% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाता है । वर्ष के अन्त में मीशू के आहरण पर ब्याज ₹ 9,000 था । मीशू के आहरण पर ब्याज प्रभारित किया गया था :

   (A) 6 महीने से
   (B) 7½ महीने से
   (C) 4½ महीने से
   (D) 4 महीने से 1

5. (a) विशांत लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 6,000 समता अंशों/शेयरों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया । प्रति अंश/शेयर राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 3, आबंटन पर – ₹ 3 (प्रीमियम सहित), प्रथम याचना पर – ₹ 3 तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 2 । 200 अंशों/शेयरों के एक धारक आशीष ने आबंटन के साथ ही संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया । आबंटन पर प्राप्त कुल राशि थी :

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 19,000
(C) ₹ 25,000 (D) ₹ 21,000 1

अथवा

(b) एम लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 5,000 समता अंशों/शेयरों का, जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की अन्तिम याचना का भुगतान नहीं करने पर हरण (Forfeit) कर लिया । वह न्यूनतम राशि जिस पर इन अंशों/शेयरों को पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित किया जा सकता है, होगी :

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 10,000
(C) ₹ 12,000 (D) ₹ 50,000 1

6. कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग निम्न में से किसके लिए नहीं किया जा सकता :

(A) अंशों/शेयरों को पुनः क्रय करने के लिए
(B) आंशिक प्रदत्त बोनस अंशों/शेयरों के निर्गमन के लिए
(C) ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे को अपलिखित करने के लिए
(D) आरंभिक व्ययों को अपलिखित करने के लिए 1

7. (a) निम्न में से कौन सी मद का लेखा लाभ–हानि विनियोग खाते में नहीं किया जा सकता है ?

(A) पूँजी पर ब्याज
(B) आहरण पर ब्याज
(C) साझेदारों को भुगतान किया गया किराया
(D) साझेदार का वेतन 1

अथवा

(b) एक साझेदार के प्रवेश के समय फ़र्म का स्थिति विवरण ₹ 80,000 का कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय दर्शा रहा था । कर्मचारी क्षतिपूर्ति का ₹ 1,00,000 के दावे का अनुमान लगाया गया । ₹ 20,000 की कमी को :

(A) पुनर्मूल्यांकन खाते में नाम किया जाएगा ।
(B) पुनर्मूल्यांकन खाते में जमा किया जाएगा ।
(C) साझेदारों के पूँजी खातों में नाम किया जाएगा ।
(D) साझेदारों के पूँजी खातों में जमा किया जाएगा । 1

8. आदित्य, विशेष तथा निमेष एक फ़र्म के साझेदार थे तथा लाभ–हानि बराबर–बराबर बाँटते थे । 1 जुलाई, 2023 को आदित्य की मृत्यु हो गई । शेष साझेदारों ने फ़र्म का व्यवसाय चालू रखने का निर्णय किया तथा भविष्य में लाभों को 4:3 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । विशेष तथा निमेष का अधिलाभ अनुपात होगा :

(A) 4:3
(B) 3:2
(C) 5:2
(D) 1:1 1

9. गुप्ता तथा शर्मा एक फ़र्म के साझेदार हैं तथा 4:1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । उन्होंने लाभों में 1/4 भाग के लिए प्रीति को एक नया साझेदार बनाया, जिसे उसने पूर्णतः गुप्ता से प्राप्त किया । गुप्ता, शर्मा तथा प्रीति का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(A) 2:1:1
(B) 11:4:5
(C) 3:3:2
(D) 7:5:4 1

निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए और प्रश्न संख्या **10** एवं **11** के उत्तर दीजिए :

अदिति तथा सौरभ एक फ़र्म में साझेदार थे तथा 2:1 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 को उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में, कोई भी समायोजन करने से पूर्व फ़र्म ने ₹ 81,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया । साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक दर से दिया जाएगा ।

10. अदिति की पूँजी पर ब्याज होगा :

(A) ₹ 50,000
(B) ₹ 45,000
(C) ₹ 40,500
(D) ₹ 54,000 1

11. अदिति एवं सौरभ को पूँजी पर ब्याज निम्नलिखित में से किस अनुपात में दिया जाएगा ?

(A) 5:4
(B) 2:1
(C) 1:1
(D) 8:1 1

12. **अभिकथन (A) :** स्थायी पूँजी विधि के अन्तर्गत, साझेदारों के पूँजी खाते सदैव ज़मा शेष दर्शाते हैं ।

**कारण (R) :** स्थायी पूँजी विधि के अन्तर्गत, सभी मदों जैसे लाभ या हानि का भाग, पूँजी पर ब्याज़, आहरण, आहरण पर ब्याज़, का लेखा एक अलग खाते में किया जाता है जो साझेदारों के चालू खाते कहलाते हैं ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।
(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।
(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है । 1

13. (a) वन्या तथा आन्या एक फ़र्म की साझेदार थीं तथा 3:2 के अनुपात में लाभ तथा हानि बाँटती थीं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थी। वन्या 8% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज की अधिकारी थी तथा आन्या ₹ 5,000 प्रति माह की दर से वेतन की अधिकारी थी। किसी भी समायोजन से पूर्व शुद्ध लाभ ₹ 1,75,000 था। विभाजित किए जाने वाले लाभ में वन्या का भाग होगा :

(A) ₹ 45,000 (B) ₹ 30,000
(C) ₹ 37,500 (D) ₹ 40,000 1

अथवा

(b) ओंकार तथा शिवा एक फ़र्म के साझेदार थे। ओंकार ₹ 20,000 वार्षिक वेतन का अधिकारी था; जबकि शिवा ₹ 50,000 वार्षिक वेतन का अधिकारी था। ओंकार और शिवा का वेतन प्रभारित करने के बाद 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 5,60,000 था। ओंकार के पूँजी खाते में जमा की जाने वाली कुल राशि होगी :

(A) ₹ 2,45,000 (B) ₹ 2,65,000
(C) ₹ 3,15,000 (D) ₹ 3,00,000 1

14. एक साझेदारी फ़र्म के विघटन पर ₹ 34,000 के देनदार थे। ₹ 1,000 के देनदार डूब गए तथा शेष देनदारों से 60% की वसूली की गई। देनदारों से वसूली पर कौन से खाते को नाम किया जाएगा तथा कितनी राशि से ?

(A) वसूली खाता ₹ 33,000 से (B) लाभ-हानि खाता ₹ 1,000 से
(C) रोकड़ खाता ₹ 19,800 से (D) देनदार खाता ₹ 14,200 से 1

15. (a) अर्नव लिमिटेड ने ₹ 24,00,000 की परिसम्पत्तियों का क्रय किया। क्रय मूल्य का भुगतान इसने ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 4% बट्टे पर निर्गमित करके किया। विक्रेता को निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थी :

(A) 24,000 (B) 25,000
(C) 30,000 (D) 28,000 1

अथवा

(b) 1 मई, 2023 को अमृत लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के, 10,000, 10% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा। ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि की राशि होगी :

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 1,30,000
(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 80,000 1

16. कान्हा, रेशम तथा निशा एक फ़र्म के साझेदार थे। निशा ने फ़र्म को 10% वार्षिक दर से ₹ 1,00,000 का ऋण दिया था। फ़र्म का लेखापाल ऋण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज देने के लिए जोर दे रहा है। निशा को किस दर से ऋण पर ब्याज दिया जाएगा ?

(A) 6% वार्षिक (B) 10% वार्षिक
(C) 8% वार्षिक (D) ऋण पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 1

17. महक, आयुष तथा अंशु एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 5:3:2 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभों को 4:3:3 के अनुपात में विभाजित करने के लिए सहमति दी । उस तिथि को फ़र्म की पुस्तकों में ₹ 80,000 का सामान्य संचय था ।

यह सहमति हुई कि :

(i) फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया जाएगा ।

(ii) सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण पर हानि की राशि ₹ 50,000 थी ।

फ़र्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेन–देनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

18. (a) महेश लिमिटेड ने ईश लिमिटेड से ₹ 4,50,000 का संयंत्र तथा मशीनरी का क्रय किया । ईश लिमिटेड को भुगतान ₹ 50,000 का एक चेक देकर तथा शेष के लिए ₹ 100 प्रत्येक के 6% ऋणपत्रों को 20% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया ।

उपरोक्त लेन–देनों के लिए महेश लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

अथवा

(b) मणिका लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500 अंशों/शेयरों का हरण (Forfeit) ₹ 20 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना तथा ₹ 25 प्रति अंश/शेयर की दूसरी तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं करने पर कर लिया । इनमें से 250 अंशों/शेयरों को ₹ 50 प्रति अंश/शेयर पर पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया । अंशों/शेयरों के हरण (Forfeit) तथा पुनःनिर्गमन की रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

19. (a) आयुष तथा कृष साझेदार हैं तथा लाभ बराबर–बराबर बाँटते हैं । उन्होंने लाभ में बराबर भाग के लिए वंश को नया साझेदार बनाने का निर्णय लिया । इस उद्देश्य के लिए फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के चार वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाना था ।

31.3.2023 को वंश के प्रवेश से पूर्व फ़र्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31.3.2023 को आयुष तथा कृष का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | मशीनरी | 75,000 |
| आयुष | 90,000 | | फर्नीचर | 15,000 |
| कृष | 50,000 | 1,40,000 | स्टॉक | 30,000 |
| सामान्य संचय | | 20,000 | देनदार | 20,000 |
| ऋण | | 25,000 | नगद | 50,000 |
| लेनदार | | 5,000 | | |
| | | 1,90,000 | | 1,90,000 |

प्रतिफल की सामान्य दर 12% वार्षिक है । फ़र्म का पिछले चार वर्षों का औसत लाभ ₹ 30,000 था । ख्याति में वंश के भाग की गणना कीजिए । 3

अथवा

(b) वरुण, तरुण, अरुण तथा बरुण एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 5:3:2:2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31 मार्च, 2023 को अरुण सेवानिवृत्त हो गया। वरुण, तरुण तथा बरुण ने भविष्य में लाभ बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया। अरुण के सेवानिवृत्त होने पर फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 9,00,000 किया गया।
अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाते हुए, ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन के लिए अरुण की सेवानिवृत्ति पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए। 3

20. पिया एवं रोज़ा एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 3:5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 10,00,000 तथा ₹ 6,00,000 थी। वर्ष के खाते तैयार करने के बाद यह ध्यान दिया गया कि लाभों के विभाजन से पूर्व साझेदारी संलेख के अनुसार 8% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज दिया जाना था; जिसे साझेदारों के पूँजी खातों में जमा नहीं किया गया।
आवश्यक समायोजन रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए। अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाइए। 3

21. रोनित लिमिटेड ₹ 100 प्रत्येक के 75,000 अंशों/शेयरों में विभक्त ₹ 75,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी। कम्पनी ने 45,000 अंशों/शेयरों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए।
राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :
आवेदन पर – ₹ 30 प्रति अंश/शेयर, आबंटन पर – ₹ 30 प्रति अंश/शेयर, प्रथम याचना पर – ₹ 25 प्रति अंश/शेयर तथा शेष अन्तिम याचना पर।
42,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आबंटन कर दिया गया। चारवी, जिसे 3,300 अंशों/शेयरों का आबंटन किया गया था, दोनों याचनाओं का भुगतान करने में असफल रही। उसके अंशों/शेयरों का हरण (Forfeit) कर लिया गया।
कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश/शेयर पूँजी प्रस्तुत कीजिए। खातों के नोट्स भी बनाइए। 4

22. राम, रवि तथा रोहन साझेदार थे तथा 2:3:1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31.3.2023 को राम, रवि तथा रोहन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 3,62,000 | नगद | | 14,000 |
| सामान्य संचय | | 18,000 | बैंक | | 2,96,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 80,000 |
| राम | 1,00,000 | | देनदार | 3,00,000 | |
| रवि | 2,00,000 | | घटा : संदिग्ध ऋणों के | | |
| रोहन | 3,00,000 | 6,00,000 | लिए प्रावधान | 10,000 | 2,90,000 |
| | | | निवेश | | 50,000 |
| | | | भूमि | | 2,50,000 |
| | | **9,80,000** | | | **9,80,000** |

30 सितम्बर, 2023 को रोहन की मृत्यु हो गई । एक साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) ख्याति की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर की जायेगी । पिछले तीन वर्षों के लाभ थे : 2020-21 ₹ 45,000; 2021-22 ₹ 90,000 तथा 2022-23 ₹ 1,35,000.

(ii) मृत्यु की तिथि तक मृतक साझेदार के लाभ की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जायेगी ।

रोहन के उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए । 4

23. (a) लैज़ल लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों/शेयरों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । प्रति अंश/शेयर राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था : आवेदन पर – ₹ 5, आबंटन पर – ₹ 4 (प्रीमियम सहित) तथा शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर । जनता ने 3,20,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन किए, जिसमें से 20,000 अंशों/शेयरों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों/शेयरों का आबंटन कर दिया गया । 15,000 अंशों/शेयरों की एक आवेदक कविता आबंटन तथा याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही । उसके अंशों/शेयरों का हरण (Forfeit) कर लिया गया ।
कम्पनी की पुस्तकों में उपरोक्त लेन-देनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 6

**अथवा**

(b) चाँद लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों/शेयरों को ₹ 2 प्रति अंश/शेयर के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । प्रति अंश/शेयर राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था : आवेदन पर – ₹ 4 (प्रीमियम सहित), आबंटन पर – ₹ 5 तथा शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर । 1,80,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 30,000 अंशों/शेयरों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों/शेयरों का आबंटन कर दिया गया । मानसी जो 5,000 अंशों/शेयरों की धारक थी प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान करने में असफल रही तथा उसके अंशों/शेयरों का हरण (Forfeit) कर लिया गया ।
उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 6

24. (a) अनिकेश तथा भावेश एक फ़र्म के साझेदार हैं तथा 7:3 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2023 को अनिकेश तथा भावेश का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 60,000 | नगद | | 36,000 |
| अदत्त मजदूरी | | 9,000 | देनदार | 54,000 | |
| सामान्य संचय | | 15,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 6,000 | 48,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 60,000 |
| अनिकेश | 1,20,000 | | फर्नीचर | | 1,20,000 |
| भावेश | 1,80,000 | 3,00,000 | मशीनरी | | 1,20,000 |
| | | 3,84,000 | | | 3,84,000 |

1 अप्रैल, 2023 को उन्होंने लाभ में 1/4 भाग के लिए चाहत को निम्न शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया :

(i) चाहत अपनी पूँजी के रूप में ₹ 90,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 30,000 लाएगी।

(ii) अदत्त मजदूरी का भुगतान कर दिया जायेगा।

(iii) स्टॉक को 10% कम किया जायेगा।

(iv) ₹ 6,300 के एक लेनदार, जिसका लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया है, का लेखा किया जायेगा।

फ़र्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेन-देनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 6

**अथवा**

(b) प्रिना, कादिर तथा किआन एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 7:2:1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2023 को प्रिना, कादिर तथा किआन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भूमि | | 12,00,000 |
| प्रिना | 9,60,000 | | भवन | | 9,00,000 |
| कादिर | 8,40,000 | | फर्नीचर | | 3,60,000 |
| किआन | 9,00,000 | 27,00,000 | स्टॉक | | 6,60,000 |
| सामान्य संचय | | 3,00,000 | देनदार | 6,00,000 | |
| कामगार क्षतिपूर्ति संचय | | 5,40,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों | | |
| लेनदार | | 3,60,000 | के लिए प्रावधान | 30,000 | 5,70,000 |
| | | | बैंक में नगद | | 2,10,000 |
| | | **39,00,000** | | | **39,00,000** |

उपरोक्त तिथि को निम्नलिखित शर्तों पर कादिर सेवानिवृत्त हो गया :

(i) फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 12,00,000 किया गया।

(ii) भूमि को 30% से बढ़ाया जायेगा तथा भवन पर ₹ 3,54,000 से मूल्यह्रास लगाया जायेगा।

(iii) देनदारों पर 6% का प्रावधान किया जाएगा।

(iv) कामगार क्षतिपूर्ति देयता ₹ 1,40,000 निर्धारित की गई।

(v) कादिर को देय राशि को उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कर दिया गया।

(vi) नई फ़र्म की कुल पूँजी ₹ 16,00,000 निर्धारित की गई जिसका समायोजन उनके नए लाभ-विभाजन अनुपात में चालू खाते खोलकर किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। 6

25. विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ तथा बैंक के अतिरिक्त) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को हस्तान्तरित करने के पश्चात् सुधा तथा शिवा की साझेदारी फ़र्म के विघटन पर निम्नलिखित लेन-देनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) सुधा ₹ 19,000 के अपने पति के ऋण का भुगतान करने के लिए सहमत हो गई ।

(ii) ₹ 9,300 के एक देनदार ने, जिसके ऋण को पुस्तकों में डूबत ऋण के रूप में अपलिखित कर दिया गया था, ₹ 7,500 का भुगतान पूर्ण निपटान में किया ।

(iii) शिवा ने सभी निवेश ₹ 13,300 में ले लिए ।

(iv) ₹ 20,000 के एक अलिखित लेनदार का भुगतान सुधा ने 10% बट्टे पर कर दिया ।

(v) फ़र्म के पास वैलीगेअर लिमिटेड के 300 अंश/शेयर थे जिसे ₹ 3,000 की लागत पर अधिग्रहित किया गया था तथा जिसे पुस्तकों से पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया था । इन अंशों/शेयरों का मूल्यांकन ₹ 5 प्रति अंश/शेयर किया गया तथा साझेदारों के बीच उनके लाभ-विभाजन अनुपात में विभाजित कर दिया गया ।

(vi) ₹ 3,400 के वसूली व्ययों का भुगतान सुधा ने किया, जिसके लिए उसे ₹ 3,000 का पारिश्रमिक दिया गया । 6

26. निम्नलिखित परिस्थितियों में धातु लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे/हानि को अपलिखित करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 1,000 प्रत्येक के 400, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन सममूल्य पर किया जाएगा । प्रतिभूति प्रीमियम खाते का शेष ₹ 50,000 है ।

(ii) ₹ 1,000 प्रत्येक के 500, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा । प्रतिभूति प्रीमियम खाते का शेष ₹ 75,000 है । 6

## भाग – ख

### विकल्प – I

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

27.

| | क्रय (₹) | विक्रय (₹) |
|---|---|---|
| निवेश | 2,00,000 | 1,80,000 |
| ख्याति | 3,00,000 | — |

उपरोक्त सूचना से 'निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह' होगा :

(A) ₹ 3,20,000 अन्तर्वाह (B) ₹ 3,20,000 बहिर्वाह

(C) ₹ 20,000 बहिर्वाह (D) ₹ 20,000 अन्तर्वाह 1

28. (a) **कथन I :** वित्तीय क्रियाकलापों का सम्बन्ध एक उद्यम की दीर्घकालिक निधियों या पूँजी से है ।

**कथन II :** वित्तीय क्रियाकलापों से उत्पन्न होने वाले रोकड़ प्रवाहों को पृथक रूप से प्रकट करना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रतिनिधित्व करता है कि किस सीमा तक भावी आय तथा रोकड़ प्रवाह को उत्पन्न करने के लिए संसाधनों पर खर्चा किया गया है ।

निम्नलिखित से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं ।

(B) कथन I तथा कथन II दोनों गलत हैं ।

(C) कथन I गलत है और कथन II सही है ।

(D) कथन I सही है और कथन II गलत है । 1

**अथवा**

(b) 'कर्मचारी लाभ व्ययों का भुगतान' लेन-देन का रोकड़ प्रवाह विवरण पर क्या प्रभाव होगा ?

(A) प्रचालन क्रियाकलापों से बहिर्वाह ।

(B) निवेश क्रियाकलापों से बहिर्वाह ।

(C) वित्तीयन क्रियाकलापों से बहिर्वाह ।

(D) रोकड़ प्रवाह पर कोई प्रभाव नहीं । 1

29. मेगामार्ग लिमिटेड का तरल अनुपात 1.5:1 है । निम्नलिखित में से किस लेन-देन का परिणाम इस अनुपात में कमी होगी ?

(A) ₹ 10,000 लागत की वस्तुओं को ₹ 12,000 में बेचा गया ।

(B) व्यापार प्राप्यों से ₹ 41,000 रोकड़ एकत्रित किया गया ।

(C) ₹ 38,000 के नगद माल का क्रय किया गया ।

(D) लेनदारों को ₹ 11,000 का भुगतान किया गया । 1

30. (a) 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' की वह तकनीक जो एक उद्यम की लाभप्रदता, शोधनक्षमता तथा कार्यक्षमता का आकलन करने में सहायता करती है, जानी जाती है :

(A) रोकड़ प्रवाह विवरण (B) तुलनात्मक विवरण

(C) सामान्य आकार विवरण (D) अनुपात विश्लेषण 1

**अथवा**

(b) ______ अम्ल जाँच अनुपात के नाम से भी जाना जाता है ।

(A) चालू अनुपात (B) तरल अनुपात

(C) सकल लाभ अनुपात (D) निवेश पर प्रत्याय अनुपात 1

31. कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार एक कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्न मदों को किन मुख्य शीर्षकों एवं उप–शीर्षकों (यदि कोई है) के अन्तर्गत प्रस्तुत किया जाएगा :

(i) डिज़ाइन (ii) अदत्त लाभांश

(iii) पूँजीगत कार्य प्रगति पर 3

32. निम्नलिखित सूचना से 'प्रचालन लाभ अनुपात' की गणना कीजिए : 3

| | |
|---|---|
| प्रचालन से आगम | ₹ 10,00,000 |
| सकल लाभ | लागत पर 25% |
| कार्यालय एवं प्रशासन व्यय | ₹ 18,000 |
| विक्रय एवं वितरण व्यय | ₹ 2,000 |
| चोरी से हानि | ₹ 20,000 |

33. (a) निम्न सूचना से एक्स लिमिटेड का सामान्य आकार स्थिति विवरण तैयार कीजिए : 4

**31 मार्च, 2023 को एक्स लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2023 (₹) | 31.3.2022 (₹) |
|---|---|---|---|
| I. समता एवं देयताएँ : | | | |
| 1. अंशधारक/शेयरधारक निधियाँ | | | |
| (a) समता अंश/शेयर पूँजी | | 30,00,000 | 15,00,000 |
| (b) संचय एवं आधिक्य | | 10,00,000 | 5,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | 20,00,000 | 20,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| कुल | | **80,00,000** | **50,00,000** |
| II. परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | 40,00,000 | 30,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (a) स्टॉक (मालसूची) | | 40,00,000 | 20,00,000 |
| कुल | | **80,00,000** | **50,00,000** |

अथवा

(b) निम्न सूचना से वाई लिमिटेड का तुलनात्मक लाभ–हानि विवरण तैयार कीजिए : 4

| विवरण | 31.3.2023 | 31.3.2022 |
|---|---|---|
| प्रचालन आगम (₹) | 40,00,000 | 20,00,000 |
| व्यापारिक स्टॉक का क्रय (₹) | 24,00,000 | 12,00,000 |
| स्टॉक में परिवर्तन (व्यापारिक स्टॉक क्रय का %) | 25% | 20% |
| अन्य व्यय (₹) | 2,00,000 | 1,60,000 |
| कर दर | 40% | 40% |

34. 31.3.2023 को भारत गैस लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31.3.2023 को भारत गैस लिमिटेड का स्थिति विवरण

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2023 (₹) | 31.3.2022 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I समता तथा देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक/शेयरधारक निधियाँ | | | |
| (a) अंश/शेयर पूँजी | | 14,00,000 | 10,00,000 |
| (b) संचय एवं आधिक्य | 1 | 5,00,000 | 4,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | | 5,00,000 | 1,40,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| (a) व्यापारिक देय | | 1,00,000 | 60,000 |
| (b) लघु–अवधि प्रावधान | 2 | 80,000 | 60,000 |
| कुल | | **25,80,000** | **16,60,000** |
| **II परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| **1. अचल परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ (संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण तथा अमूर्त सम्पत्तियाँ) | | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ (संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण) | 3 | 16,00,000 | 9,00,000 |
| (ii) अमूर्त परिसंपत्तियाँ | 4 | 1,40,000 | 2,00,000 |
| **2. चालू परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| (a) स्टॉक (मालसूची) | | 2,50,000 | 2,00,000 |
| (b) व्यापारिक प्राप्य | | 5,00,000 | 3,00,000 |
| (c) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 90,000 | 60,000 |
| कुल | | **25,80,000** | **16,60,000** |

खातों के नोट्स :

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2023 (₹) | 31.3.2022 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | संचय एवं आधिक्य : | | |
| | लाभ–हानि विवरण का शेष | 5,00,000 | 4,00,000 |
| | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | लघु–अवधि प्रावधान : | | |
| | कर प्रावधान | 80,000 | 60,000 |
| | | 80,000 | 60,000 |
| 3. | मूर्त परिसम्पत्तियाँ : (संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण) | | |
| | मशीनरी | 18,50,000 | 10,00,000 |
| | घटा : एकत्रित मूल्यह्रास | (2,50,000) | (1,00,000) |
| | | 16,00,000 | 9,00,000 |
| 4. | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ : | | |
| | ख्याति | 1,40,000 | 2,00,000 |
| | | 1,40,000 | 2,00,000 |

अतिरिक्त सूचना : वर्ष के दौरान ₹ 3,00,000 लागत की एक मशीन को, जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 45,000 था, ₹ 1,35,000 में बेचा गया ।

'प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए । 6

भाग – ख

विकल्प – II

(अभिकलित्र लेखांकन)

27. एक्सल में 'निरपेक्ष सेल संदर्भ ' तथा 'मिश्रित संदर्भ' की पहचान कैसे की जाती है ?

(A) $ चिह्न का प्रयोग करके (B) £ चिह्न का प्रयोग करके

(C) # चिह्न का प्रयोग करके (D) ~ चिह्न का प्रयोग करके 1

28. (a) एक्सल निम्नलिखित में से कौन से गणितीय प्रचालन समूहों को समान महत्त्व देता है :

(A) गुणा करना तथा जोड़ना (B) भाग देना तथा गुणा करना

(C) घातांक तथा गुणा करना (D) घटाना तथा भाग देना 1

अथवा

(b) एक्सल 2007 में कितनी पंक्तियाँ उपलब्ध होती हैं ?

(A) 5663 (B) 65536

(C) 72257 (D) 4332 1

29. निम्न में से कौन सा सॉफ़्टवेयर कम गोपनीयता स्तर की सीमा से प्रभावित है तथा सॉफ़्टवेयर डेटा कपट उन्मुख है ?

(A) टेलर्ड (B) स्पेसिफिक

(C) जैनरिक (D) (A) तथा (B) दोनों 1

30. (a) 'ग्राफ में प्रदर्शित सूचना का ऐसा भाग जो एक डेटा शृंखला को अभिहस्तांकित है, जाना जाता है :

(A) डेटा प्वाइंट (B) डेटा टेबल

(C) प्लॉट प्वाइंट (D) लेजेंड 1

अथवा

(b) एक्सल में 'एल.ए.बी.ई.एल.एस.' (LABELS) का अर्थ है :

(A) एक टेक्स्ट अथवा विशिष्ट कैरेक्टर

(B) पंक्तियों, स्तम्भों या वर्णनात्मक सूचना के लिए प्रयुक्त किया जाता है ।

(C) गणितीय रूप में उपचारित किया जा सकता है ।

(D) (A) तथा (B) दोनों 1

31. एक्सल में 'सामान्य सूत्र त्रुटि चिह्न' का प्रयोग कैसे किया जाता है ? समझाइए । 3


32. उदाहरणों की सहायता से 'अनुक्रमिक कोड' तथा 'ब्लॉक कोड' को समझाइए । 3

33. (a) उल्लेख कीजिए कि एक चार्ट को बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? इसे कैसे बदला जा सकता है ? यह क्यों कहा जाता है कि एक कॉलम चार्ट को पाई-चार्ट में बदलना आसान होता है ? कारण दीजिए । 4

**अथवा**

(b) अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली के लाभों का उल्लेख कीजिए । 4

34.




| | A | B | C | D | E | F | G |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्र.सं. | उत्पाद | प्रथम तिमाही विक्रय | दूसरी तिमाही विक्रय | अर्ध वार्षिक विक्रय | | |
| 2 | 1 | एन | 21000 | 30000 | 51000 | | |
| 3 | 2 | पी | 31000 | 40000 | 71000 | | |
| 4 | 3 | क्यू | 4500 | 28000 | 32500 | | |
| 5 | 4 | आर | 6700 | 49000 | 55700 | | |
| 6 | 5 | एस | 55600 | 36000 | 91600 | | |
| 7 | 6 | टी | 32000 | 32000 | 64000 | | |
| 8 | 7 | यू | 11000 | 40000 | 51000 | | |
| 9 | | | | | | | |

वर्कशीट का प्रयोग करते हुए दिए गए 'वीलुकअप' वाक्य विन्यास (VLOOKUP सिंटेक्स) त्रुटि तथा इसके कारण का पता लगाइए । 6

(i) = वीलुकअप (बी1, बी2 : ई8, 2, 0)

(ii) = एसक्यूआरटी (वीलुकअप (बी5, बी8 : ई8, 2, 0) – 100000)

(iii) = वीलुकअप (ए2, ए2 : ए8, 2, 0)

(iv) = वीलुकअप (बी2, बी3, ई4, 5, 0)

(v) = वीलुकअप (बी2, ए2 : ई8, 0, 0)

(vi) = वीलुकअप (बी2, बी2, ई8, 2, 0)/0